कार्यालय–कुलसचिव, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–02

संख्या 417 /अदम/जी0ए0/विविध/2021 **दिनांक अगस्त 26, 2021**

:: कार्यालय–ज्ञाप ::

आदेशानुसार हिन्दू अध्यात्मिक एवं सेवा फाउण्डेशन तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, कानपुर द्वारा वन संरक्षण एवं वन्य जीव सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिकी संन्तुलन, नारी सम्मान, मानवीय मूल्यों एवं पारिवारिक संस्कारों के मूल्यों के संरक्षण हेतु 29 अगस्त 2021 को सम्पूर्ण भारत में **प्रकृति वन्दन** कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में समस्त अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किए जाने हेतु लिंक निम्नवत् है :

https://bit.ly/3lhlkBi

उक्त के क्रम में समस्त अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं से अपेक्षा है कि उपरोक्त लिंक के माध्यम से अपने परिवार के साथ प्रकृति वन्दन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु अधिक से अधिक पंजीकरण दिनांक 28 अगस्त 2021 तक करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कष्ट करें तथा पंजीकरण के उपरान्त उसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग में अवश्य उपलब्ध करायें।

उक्त प्रकृति वन्दन कार्यक्रम में आपको अपने परिवार के साथ दिनांक 29 अगस्त 2021 को किसी भी वृक्ष अथवा गमले में लगे पौधे का वन्दन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना है। साथ ही कार्यक्रम का छायाचित्र, वीडियों अपने पास संरक्षित रखना हैं।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति कार्यालय को संज्ञानार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
3. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
5. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव